दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 295 मुरादाबाद 21 February 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी चुनाव: वोट डालने के बाद बोले अखिलेश यादव- बाबा मुख्यमंत्री की विदाई होने वाली है, डिंपल ने लॉ एंड ऑर्डर पर उठाए सवाल



उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए मतदान जारी है। इस दौरान सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने पत्नी डिंपल के साथ जसवंतनगर में मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि यूपी से बाबा मुख्यमंत्री की विदाई होने वाली है। यूपी के किसान उन्हें माफ नहीं करेंगे। वहीं डिंपल यादव ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर सवाल उठाए।

### 10 मार्च को बनेगी साइकिल की सरकार

मतदान के बाद अखिलेस ने कहा, 10 मार्च को साइकिल की सरकार बनने जा रही है और उत्तर प्रदेश से बाबा मुख्यमंत्री जी की विदाई होने जा रही है। बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। यूपी के किसान इन्हें माफ नहीं करेंगे। हमने पहले दो चरणों में शतक जड़ा है और इस चरण में भी सपा गठबंधन बाकी सभी से आगे होगा। जनता बीजेपी से नाखुश है और इस बार का चुनाव उसे उत्तर प्रदेश से हटाने के लिए है। वे (बीजेपी) चिंतित हैं कि जनता उनसे नाराज है, इसलिए उनकी भाषा और व्यवहार बदल गया है।

### क्या मंत्री के बेटे के यहां जाएगा बुलडोजर

यूपी सरकार द्वारा माफियाओं पर बुलडोजर चलाने को लेकर अखिलेश ने निशाना साधा। उन्होंने पूछा कि क्या किसानों को कुचलने वाले मंत्री के बेटे के यहां भी बुलडोजर जाएगा। उन्होंने कहा, क्या मंत्री के बेटे (आशीष मिश्रा) के यहां बुलडोजर जाएगा, जिसने अपने वाहन से किसानों को कुचला था? क्या बुलडोजर लखीमपुर जाएगा? 25,000 रुपये का इनामी माफिया (धनंजय सिंह) क्रिकेट खेल रहा था। क्या बुलडोजर उसके यहां जाएगा?% अखिलेश यादव की पत्नी और पूर्व सांसद डिंपल यादव ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर में यूपी सरकार पूरी तरह फेल हुई है। उन्होंने कहा, मुझे अच्छी तरह याद है कि जब 2017 के चुनाव हुए थे तब एनसीआरबी (राष्ट्रीय आपराधिक रिकॉर्ड ब्यूरो) के आंकड़े आए थे। 2017 में डायल 100 और 1090 सेवाएं शुरू करने की वजह से महिलाएं के खिलाफ अपराध कम हुआ था। पांच साल बाद ये आकड़े बढ़ गए हैं। मेरा मानना है कि लॉ एंड ऑर्डर के मामले में सरकार पूरी तरह फेल है।

ऑफर

आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-

9027776991

## हरदोई में बोले पीएम मोदी, यूपी में त्योहार मनाने से रोकने वालों को दस मार्च को मिलेगा जवाब




हरदोई- हरदोई पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा और बसपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा, यूपी में त्योहार को मनाने से रोकने वालों को दस मार्च को जनता जवाब देगी। बोले, आप याद करिए पांच साल पहले माफिया वादियों ने यूपी का क्या हाल बना दिया था, व्यापारियों को व्यापार करने में डर लगता था राहजनी छीनेती लूट आम बात हो गई थी, दीया बरे घर लौट आओ, हरदोई वालों ने वह दिन देखें हैं कैसे लोगों ने कट्टा और सट्टा वालो को खुली छूट दे रखी थी हमारी माताएं परेशान रहती थी कि बेटे बेटी घर से निकले हैं वह शाम को सुरक्षित घर लौट आएं कोई दुर्घटना न हो जाए। अपराधियों को पूरा संरक्षण होता था। हरदोई की जनता जानती है कि कैसे इनका हिसाब हो रहा था। पीएम मोदी ने कहा, 2014 सेलेकर 2017 के बीच यूपी में इन परिवारवादियों ने एक भी काम में मेरा साथ नहीं दिया। मुझे बताइए यूपी का मैं सांसद हूं यूपी में कोई काम नहीं करने दिया। ऐसे लोगों को फिर से लाओगे तो मुझे काम करने देंगे क्या।

### आपका भला करने देंगे क्या, माताओं बहनों की सेवा करने देंगे क्या

सीसीटीवी की नजर में रहेगी जनसभा- सुरक्षा की दृष्टिको से जनसभा स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, ताकि जनसभा में आने जाने वालों नजर रखी जा सके। इसके साथ ही हेलीपैड और जनसभा को क्लोजर लगाया गया है। ताकि, वहां से गुजरने वाले व्यक्ति की जांच की सके। इसके साथ मेटल डिटेक्टर भी लगे हैं। पीएम मोदी 2017 में 16 फरवरी को आए थे। उस बार 19 फरवरी को मतदान था। प्रधानमंत्री ने ऐसा माहौल बनाया कि उसका परिणाम में भी असर दिखा था। अब 23 फरवरी को मतदान है तो आज प्रधानमंत्री आ रहे हैं और उनके मंत्र का क्या असर पड़ता है यह परिणाम में पता चलेगा।

## 'सपा, बसपा ने बनवाईं कब्रिस्तान की दीवारें:' योगी बोले- वहीं से वोट मांगे तो बेहतर



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उन्होंने कब्रिस्तान की चारदीवारी का निर्माण किया और इस तरह उन्हें वहीं से वोट मांगना चाहिए। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में मोहम्मदी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, आदित्यनाथ ने कहा, "समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने कब्रिस्तान की चारदीवारी का निर्माण कराया, इसलिए उन्हें बेहतर होगा कि वे कब्रिस्तान से वोट मांगें।" योगी ने कहा, "तीसरे चरण के मतदान के बाद बीजेपी को इतनी सीटें मिलेंगी कि सपा, बसपा और कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी। इसके पहले बिजली का भी राजनीतिकरण करने की कोशिश की गई। ईद और मुहर्रम पर तो बिजली मिलेगी लेकिन होली, दीवाली पर नहीं मिलेगी. लेकिन आज कोई भी भेदभाव नहीं है।" मुख्यमंत्री ने मौजूदा भाजपा सरकार के विकास कार्यों की तुलना तत्कालीन सपा सरकार से की। उन्होंने कहा, "अगर हमारी डबल इंजन की सरकार सत्ता में आती है तो 60 साल से ऊपर की सभी महिलाओं को राज्य सरकार की बसों में मुफ्त का ऐक्सेस दिया जाएगा।" आदित्यनाथ ने कहा, "समाजवादी पार्टी ने बड़ों और बुजुर्गों के लिए पेंशन योजना बंद कर दी लेकिन हमारी सरकार बुजुर्गों को 12,000 रुपये पेंशन दे रही है।" अपनी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबके विकास' की दृष्टि से विकास के साथ काम करती है। सरकारी योजनाओं पर जनता की राय लेते हुए, उन्होंने कहा, "आपको COVID-19 अवधि के दौरान 2 बार राशन मिल रहा होगा? राशन की खरीद में कोई भेदभाव नहीं हुआ होगा? बिजली में भी, आपको आपके धर्म को देखकर बिजली नहीं मिल रही होगी। हम सबको दे रहे हैं क्योंकि हम उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ आबादी को एक परिवार मानते हैं। दुख और सुख की घड़ी में उनके साथ रहना हम अपना कर्तव्य समझते हैं।"

आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती -जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को दृष्गित रखते हुए बुधवार को देर शाम जनपद के कई मतदान केन्दों/मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान विकास खण्ड जमुनहा स्थित जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नासिरगंज, प्राथमिक विद्यालय महरू मुर्तिहा, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदत्तनगर गिरण्ट, प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवंशपुर सहित कई मतदान केन्द्रों/मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि यदि किसी भी मतदान केन्द्र/मतदेय स्थल पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम, मतदेय स्थल की संख्या व नाम, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, सम्बन्धित उपजिलाधिकारी का नाम, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी का पदनाम, खण्ड विकास अधिकारी का नाम, सुपर वाइजर का नाम व पद, बी0एल0ओ0 का नाम व पद, मतदाता पंजीकरण केन्द्र का नाम एवं सम्बन्धित क्षेत्र के थानाध्यक्ष का नाम व नम्बर अंकित नही है तो तत्काल उनका नाम व नम्बर अंकित किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों/तहसीलदारों को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण कर पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन/वायरिंग, शौंचालय तथा दिव्यांग मतदाता हेतु रैम्प के साथ ही साथ पेयजल, बाउन्ड्रीवाल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की स्थिति से अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के संवेदनशील बूथों पर जाकर उन बूथों की क्रिटिकल प्रतिशतता का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना, उपजिलाधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला सहित सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भिनगा मॉडल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




श्रावस्ती - श्रावस्ती भिन्गा डिस्ट्रिक्ट मॉडल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संघ भवन में आयोजित कार्यक्रम में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन भिनगा में आयोजित हुए शपथ ग्रहण समारोह में जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कोरोना के चलते कार्यक्रम बेहद सीमित व सादगीपूर्ण रहा। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अथक प्रयास हमें सफलता की ओर ले जाते हैं। इसलिए आवश्यकता प्राप्ति के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। विशिष्ट अतिथि अजय शुक्ला सदस्य पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने कहा कि भिनगा के अधिवक्ताओं को बार काउंसिल से अधिक से अधिक सहयोग दिलाया जाएगा। यहां के अधिवक्ताओं के साथ बार काउंसिल हमेशा खड़ा रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि अधिवक्ताओं के कारण कोर्ट कम से कम बंद हो, इसका हमें ध्यान रखना होगा। इससे न सिर्फ वादकारियों का नुकसान होता है, बल्कि नए अधिवक्ताओं को भी समस्या होती है। विशिष्ट अतिथि दद्दन मिश्रा अध्यक्ष जिला पंचायत ने कहा कि अधिवक्ता वादकारी और अधिकारी के बीच की कड़ी होते हैं। उन्हें अपनी इस भूमिका को समझकर कदम उठाना चाहिए नवनियुक्त अध्यक्ष सालिकराम पांडे ने कहा कि बार संघ से जुड़ी किसी भी समस्या के निस्तारण को वह सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक न्याय पहुंचे, हमें इसके लिए प्रयास करते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का हल बातचीत से होना चाहिए। संचालन पूर्व महामंत्री दिलीप तिवारी ने किया शपथ लेने वालों में अध्यक्ष सालिक राम पांडे ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम पारस भार्गव, महामंत्री पुष्कर पाठक, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार तिवारी, निर्विरोध विजई प्रत्याशी मध्य उपाध्यक्ष, गनेश प्रसाद यादव, अभिषेक त्रिपाठी ,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार ,राहुल तिवारी संयुक्त मंत्री प्रशासन संतोष कुमार तिवारी ,आशुतोष पाठक ,संयुक्त मंत्री पुस्तकालय अजय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य अरशद अहमद ,जगदंबा प्रसाद मिश्र, राजीव टंडन ,धर्मराज पाठक जगदीश प्रसाद गौतम, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ,कनिष्ठ सदस्य राहुल पाठक, सुरेंद्र कुमार मिश्र ,ओंकार नाथ यादव, कमलेश कुमार सिंह, श्रीमती शबाना बेगम खाँ, देवेंद्र कुमार यादव शामिल रहे।

## क्लीनिक में प्रेमी को दिल दे बैठी थी पत्नी, दोनों ने कर ली थी शादी... और फिर पति ने दिया खौफनाक घटना को अंजाम

यूपी के बुलंदशहर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। पति ने पत्नी के साथ जो किया उसे सुनकर रूह कांप गई। पुलिस भी युवक द्वारा किए गए खौफनाक घटना सुनकर दंग रह गई। दरअसल शनिवार को एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के क्लीनिक में एक सर्जिकल ब्लेड से गला काटकर उसकी हत्या कर दी थी। 30 वर्षीय महिला अपने पति से अलग रह रही थी। बुलंदशहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त हथियार बरामद हुआ है।

### क्लीनिक में दोनों की हुई थी मुलाकात

पुलिस के अनुसार जिस व्यक्ति ने महिला की हत्या की है उसकी मुलाकात हापुड़ के एक निजी अस्पताल में हुई थी, जहां महिला काम करती थी। यहीं पर मेडिकल स्टोर चलाने वाले एक व्यक्ति से महिला को प्यार हो गया और दोनों ने शादी कर ली थी। हालांकि दोनों की शादी ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाई। शादी



कुछ दिनों बाद ही दोनों आपस में झगड़ने लगे थे। दोनों के बीच मारपीट भी शुरू हो गई थी। पुलिस ने बताया कि महिला बुलंदशहर जिले के गुलावठी थाना क्षेत्र के बराल गांव में रहने लगी, जहां उसने एक निजी क्लीनिक भी खोला था। शनिवार को पति गुस्से में उसके क्लीनिक पहुंचा और पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## तहसीलदार को दिल दे बैठी थी महिला सिपाही, कॉल डिटेल ने खोले खौफनाक अंजाम के कई रहस्य

लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र में तैनात महिला सिपाही रुचि सिंह की हत्या के आरोप में एक तहसीलदार को गिरफ्तार किया गया है। प्रतापगढ़ के रानीगंज में तैनात तहसीलदार ने हत्या की साजिश रची थी। पूछताछ किए जाने पर पद्येश ने बताया कि फेसबुक के जरिए रुचि से उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच गहरे संबंध थे। रुचि पहले से ही विवाहित थी। फिर वह लगातार तहसीलदार पर शादी करने का दबाव बना रही थी। बिजनौर निवासी रुचि सिंह की तैनाती पुलिस मुख्यालय में थी। 13 फरवरी को उसकी ड्यूटी थी। काम पर नहीं आने पर रुचि को उसके साथी तलाश रहे थे। उसकी सहेली ने सोशल मीडिया में पोस्ट डाल कर मदद मांगी थी। वहीं, रुचि का मोबाइल फोन भी लगातार बंद था। सिपाही के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने के बाद शनिवार को गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। वहीं, गुरुवार को माती स्थित नाले में एक महिला का शव मिला था। जिसका हुलिया लापता सिपाही से मेल खा रहा था। एसीपी कैंट अर्चना सिंह के मुताबिक शव की पहचान के लिए



सिपाही के भाई शुभम और पिता योगेंद्र को सूचना दी गई थी। रविवार को शुभम लखनऊ पहुंचा था। जिसके बाद पुलिस उसे लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंची थी। जहां शुभम ने शव की पहचान बहन रुचि के तौर पर की है।

### तहसीलदार से थे संबंध, शादी का बना रही थी दबाव

लापता सिपाही के मोबाइल की डिटेल खंगालने पर पुलिस को एक संदिग्ध नम्बर मिला था। जो प्रतापगढ़ के रानीगंज में तैनात तहसीलदार पद्येश श्रीवास्तव का था। इस सूचना पर तहसीलदार को हिरासत में लिया गया। पूछताछ किए जाने पर पद्येश ने बताया कि फेसबुक के जरिए रुचि से उसकी दोस्ती हुई थी। दोनों के बीच गहरे संबंध थे। रुचि पहले से ही विवाहित थी। फिर वह लगातार तहसीलदार पर शादी करने का दबाव बना रही थी। इंस्पेक्टर पीजीआई धर्मपाल सिंह के मुताबिक पद्येश श्रीवास्तव से हत्या किस तरह और कब की गई। शव को कैसे ठिकाने लगाया। इन सवालों के जवाब मिलना बाकी है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# अवैध संबंधों का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

मुरादाबाद-पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध होने का विरोध करने पर ससुरालियों ने विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। नकदी व बाइक की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मायके वालों के समझाने पर वह ससुराल आई तो उसके बेटे को छीन लिया। तलाक दिलवाने की धमकी देकर घर से भगा दिया। मायके में रह रही पीड़ित महिला ने ससुरालियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एसएसपी से शिकायत की है। मुगलपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बरवालान में रहने वाली महिला शबाना ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया है। शबाना का कहना है कि करीब 15 साल पहले उसका निकाह पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मोहल्ला अंगूरवाली मस्जिद, कुरैशी वाली गली निवासी युवक के साथ हुआ था। उसका एक छह साल का बेटा भी है। शबाना के अनुसार करीब एक साल पहले उसे मालूम हुआ कि उसके पति के किसी दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध हैं। इसकी जानकारी होने पर उसने विरोध किया तो पति धमकाने लगा। संबंध खत्म करने के बदले 50 हजार रुपए और बाइक की मांग करने लगा। शबाना के अनुसार उसने इसकी शिकायत ससुरालियों से की तो वह भी पति का साथ देने लगे। धमकी दी कि अगर दहेज की मांग पूरी नहीं की तो तलाक दिलवा दिया जाएगा। पीड़िता के अनुसार उसने विरोध किया तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके आकर रहने लगी। मायके वालों द्वारा समझाने पर वह पति के साथ रहने के लिए ससुराल गई लेकिन वह बिना दहेज के रखने को तैयार नहीं थे। आरोप है कि उसके बेटे को छीनकर मारपीट कर फिर घर से निकाल दिया। मायके आने के बाद उसने मुगलपुरा थाने में तहरीर भी दी लेकिन पुलिस कोई सुनवाई नहीं कर रही है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने महिला थाना पुलिस को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# खेत में बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु त्रिवेणी शुगर रानी
## नागल महाप्रबंधक बुवाई की जमीन की जांच करते



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - रामू गणेश के मौजा साहबगंज के रकबे में किसान धर्मपाल सिंह के खेत में बसंत कालीन गन्ना बुवाई हेतु त्रिवेणी शुगर यूनिट रानी नंगल के गन्ना महाप्रबंधक श्री तिरमल सिंह यादव जॉन प्रबंधक राजविंदर सिंह संधू गन्ना अधिकारी गन्ना अधिकारी योगेश सिंह पांडे तथा गन्ना सुपरवाइजर हिमांशु चौहान के साथ किसान नेता प्रीतम सिंह के सूचना देने पर खेत पर पहुंचे तथा किसानों को गुड़ खिलाकर बसंत कालीनबुवाई का शुभ आरंभ करवाया और अच्छी फसल उगाने के लिए प्रेरित किया जिसमें महाप्रबंधक महोदय ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना प्रजाति 0 118 गन्ने की बुवाई बढ़-चढ़कर करें और खेत में अंतिम जुताई से पहले गोबर की खाद में मिलाकर ट्राईकोडरमा को बिखेरना न भूलें तथा गन्ने के बीज को इमिडाक्लोप्रिड तथा हेक्सास्टॉप आदि दवाइयों में उपचारित करने के बाद ही बुवाई करें तथा किसान 0 238 गन्ने की प्रजाति से बचने की कोशिश करें क्योंकि उसमें लाल सड़न बीमारी शुरू हो गई है जिस पर नियंत्रण पाना असंभव हो गया है तथा दो वाई 4 फिट की दूरी पर गन्ना बुवाई का आव्हान किया तथा किसान नेता प्रीतम सिंह ने किसानों को बताया कि अन्य फसलों की अपेक्षा गन्ने की फसल पर मौसम की मार का असर कम होता है गन्ने की फसल पक्की मानी जाती है उच्च प्रजाति के गन्ने की ट्रेंच विधि द्वारा बुवाई करके अधिक पैदावार ली जा सकती है और महाप्रबंधक गन्ना से गन्ना बुवाई हेतु क्षेत्र के किसानों के लिए एक ट्रेनचर गन्ना बुवाई का यंत्र मिल की तरफ से दिलवाने की मांग की फरवरी मार्च का समय गन्ना बुवाई के लिए बहुत अच्छा माना जाता है किसान समय से अपनी बुवाई करें बुवाई में खुशीराम तेजपाल सिंह सुमंत सिंह नरेश सिंह ओंमकार सिंह मनीष कुमार पुलकित चौहान ओमप्रकाश सिंह महेंद्र सिंह काव्य चौहान रमेश सिंह आदि मौजूद रहे

# कामयाबी: मुरादाबाद के सभी वयस्कों ने लगवा लिया पहला टीका

मुरादाबाद-कोरोना टीकाकरण अभियान में मुरादाबाद के सभी वयस्कों को पहली डोज का टीका लगने की कामयाबी हासिल हो गई है। निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप 18 साल से अधिक उम्र के सौ फीसदी लोग कोरोना के बचाव के पहले टीके से प्रतिरक्षित हो गए हैं। यह लक्ष्य हासिल होने से अभियान में लगे स्वास्थ्य विभाग का हौसला बढ़ गया है। मुरादाबाद में 18 साल से अधिक उम्र के 23 लाख 10 हजार 547 लोगों को टीका लगाने का लक्ष्य तय किया गया था। इसके सापेक्ष 23 लाख 19 हजार 419 लोगों को टीका लग गया। दूसरा टीका अब तक 16 लाख छह हजार 664 लोगों को लगा है। पहला टीका लगवाने में जिले के ताजपुर ब्लॉक के वयस्क सबसे अव्वल रहे। लक्ष्य के सापेक्ष यहां पहले टीके का टीकाकरण 105 फीसदी दर्ज किया गया। जबकि, भोजपुर और ठाकुरद्वारा में यह 104 फीसदी दर्ज हुआ। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर रघुवीर सिंह ने बताया कि पहला टीका लगवाने में कुंदरकी ब्लॉक की वयस्क आबादी सबसे पीछे रही। वहां 92 फीसदी टीकाकरण दर्ज किया गया।

### जिले के दो लाख किशोर हुए पहले टीके से प्रतिरक्षित

पंद्रह साल से अठारह साल के किशोरों के टीकाकरण में भी उपलब्धि भरी खबर है। जिले के दो लाख किशोरों को पहला टीका लगाने में कामयाबी मिल गई है। एनएचएम के डीपीएम रघुवीर सिंह ने बताया कि जिले के दो लाख 17 हजार किशोरों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित है। पहला टीका लक्ष्य के सापेक्ष 92 किशोरों को लग जाने की उपलब्धि हासिल हो गई है। जबकि, दूसरा टीका अब तक 15 से 18 साल के 48 हजार किशोरों को लग गया है।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
www.knlslive.com

# विधानसभा चुनाव ठाकुरद्वारा सीट से कौन बनेगा विजेता होटलों पर चर्चा




सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - नगर वार्ड मोहल्ले गली चौराहे से लेकर खाने के होटलों तक पर चर्चा कौन बनेगा विधानसभा 2022 ठाकुरद्वारा सीट से विजय क्षेत्र नगर में जैसे-जैसे मतगणना का समय नजदीक आता जा रहा है वैसे ही हर क्षेत्र ग्रामवासी नगरवासी जनता से लेकर पार्टी समर्थक विधानसभा विधायक पद सीट से कौन मारेगा बाजी चर्चा का विषय बना हुआ है ऐसे में ई-रिक्शा चालाक नगर मोहल्ले रास्ते से गुजरने वाले राहगीर खाने के होटलों पर विधानसभा ठाकुरद्वारा सीट कौन जीतेगा इसकी चर्चा करते दिखाई दी अब देखना यह होगा जैसे कि 10 प्रत्याशी मैदान में लेकिन कड़ा संघर्ष वाली सीट अब किस के खाते में जाएगी यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा किसका कितना वोट बैलेंस किसको कितना गणित किसका कितना गणित पास , किसका गणित फेल यह तो आने वाली 10 तारीख को ही पता चल पाएगा, जीत किसके खाते में हार किसके खाते हैं

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Manmohan on the electoral front

Dr. Manmohan Singh, the world's famous economist and Prime Minister of India for 10 years, has opened a front against the Modi government three days before the polling in Punjab. A video of the former Prime Minister has been broadcast in Punjabi language. He has pasted many serious allegations against the Modi government. It has even been said that the government does not know how to run the economy, because it does not have economic understanding. The assessment of the former Prime Minister is that the rich are getting richer and the poor are getting poorer.We believe that this did not happen during the seven-and-a-half year period of the Modi government. The foundation stone laid by the Manmohan Singh government also contributed that today there are 142 trillionaires in the country and 98 industrialists have as much wealth as 555 crore Indians have. What economic inequality! In the Corona period itself, about 23 crore citizens had gone below the poverty line.The total number may be close to 40 crores. However, Dr. Singh says that social inequality is also increasing in the country. Unemployment is at its peak due to the Corona-era and similar short-sighted policies of the government. Farmers, traders and youth are all troubled. The government hides the figures. The country is in the grip of economic slowdown. The former prime minister was reading something written in the video. It was his own assessment or was given to him in writing and he was reading it.Of course, the former Prime Minister was commenting on the current situation in the country, but there were many contradictions in it. However, Dr. Singh's video can be termed as a 'political message' in the name of Punjab and Punjabiyat. How effective this message will be in favor of Congress, it will be clear from the mandate itself. The current unequal economic condition of the country is such that even during the transition period of Corona, the rich earned an average income of more than 53 lakhs,Whereas the common man could earn only Rs 4500 per month on an average. How many jobs have been lost, it does not seem appropriate to repeat it again and again. Dr. Singh's UPA government had slipped to a growth rate of 4 per cent in its last phase, while the growth rate of the Modi government's economy had dipped to 3.1 per cent just before Corona.During the peak period of Corona, the growth rate had fallen to more than -23 percent. economic and general condition of the country. Today, in the current government, the growth rate of GDP is being estimated from 8.5 percent to 9 percent.Obviously, overall the situation is starting to improve. The former Prime Minister has been a noted economist. He gave impetus to India's economy and started economic liberalization. If he is alleging that the rulers of the government, despite running the government for seven and a half years, are not admitting their mistakes and correcting them, then this is a very serious economic allegation. He termed nationalism as fake, hollow and dangerous. Of course there is dignity of the post of Prime Minister,Therefore, in the same context, Dr. Singh said that it is not right to impose the blame and responsibility on the first Prime Minister of the country, Jawaharlal Nehru. There have been many prime ministers after him, so reforms could have been done.

# Shilpa Shetty shared pictures as 'Blue Moon', fans said - Ageless Beauty



Actress Shilpa Shetty is known for her style and fitness in Bollywood. Shilpa, who is often in limelight for her fashion sense, is also very active on social media. She keeps on introducing fans to her day to day life. Recently the actress has shared some more stunning pictures of her.In which she is seen flaunting her beautiful figure in a blue color gown. Seeing which once again the fans have become convinced of him.On Saturday, Shilpa Shetty shared two pictures on her official Instagram account. Which is from the photoshoot of his reality show 'India's Got Talent'. In the pictures, Shilpa is seen wearing a gown made of frills. This designer gown of hers is off shoulder and high slit. Applying blue eyeliner on her eyes, the actress completed the rest of her look with light makeup.Shilpa has left her hair open while straightening it. Shilpa completed her look with beautiful earrings and a sleek bracelet in her ears. Shilpa is looking very gorgeous in this beautiful dress.This look of the actress is being liked by her fans and they are praising her fiercely in the comment section. Commenting on a user wrote, 'You are looking very young.' At the same time, another user wrote, 'You are looking very gorgeous.' So another user also called him Blue Moon.On Saturday, Shilpa also shared some pictures with her parents and also wrote a post describing them as a treasure. In the caption, Shilpa wrote, 'Our elders are a treasure trove of knowledge, patience, experience and love. The heaviest weights we lift are easy to take off after a simple conversation with them.Even when they're not here, I'm sure they'll always be thinking of us. Love them, respect them and be there for them. It is a blessing that should never be taken for granted.Let us tell you that Shilpa is judging the reality show 'India's Got Talent' these days. The show also stars actress Kirron Kher, rapper Badshah and writer Manoj Muntashir as judges.

# Zaira Wasim supports Muslim women on Hijab controversy, says 'I oppose the whole system'



Dangal fame Zaira Wasim has said goodbye to films. She was last seen in 'The Sky Is Pink'. Now Zaira has given her reaction on the ongoing Hijab controversy in Karnataka. She shared a screenshot of a Facebook post on Instagram and spoke in support of Muslim women. She writes, 'There is a perception that hijab is a choice,There is wrong information. Such an assumption has been made out of convenience or ignorance. Hijab in Islam is not a choice but an obligation. Thus when a woman wears the hijab she is fulfilling a God-given obligation to the one she loves and has dedicated herself to him.Zaira further writes that 'As a woman, I wear the hijab with gratitude and humility. I express my displeasure and protest against this whole system where women are being restrained and harassed for religious commitment. To personalize discrimination against Muslim women and to establish a system where they have to choose between education and hijab or leave it is full of injustice.'You are trying to force them to adopt a particular choice that drives your agenda and then criticize them for being trapped in the rules you have made.Saddened by the whole matter - Zaira writes in the end, 'If this is not partiality with those people who are showing that they are working in their support? There is nothing worse than showing from above that all this is happening in the name of empowerment. It's quite the opposite. I am sad

## मूकबधिर किशोरी से दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - एडीजे पाक्सो प्रथम की अदालत ने क्रासी क्षेत्र में छह साल पहले 12वर्षीय मूकबधिर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में बदायूं के थाना उझानी के गांव रियोनइया निवासी 68 वर्षीय बाबा अखलेश्वर पुजारी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। पूरी धनराशि पीड़िता को देने के आदेश दिए हैं।

## अब इमरजेंसी ऑपरेशन में कोविड-19 जांच नहीं



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - देश भर में तीसरी कोविड लहर के कम होने के साथ प्रतिबंधों में कमी जारी है, भारत में कोविड - 19 के लिए उद्देश्यपूर्ण परीक्षण रणनीति पर सरकार की सलाह के अनुसार नए दिशानिर्देश अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में लागू किया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब इमरजेंसी ऑपरेशन के लिए कोविड-19 जांच की आवश्यकता नहीं है। वहीं संशोधित डिस्चार्ज नीति के अनुसार कोविड से छुट्टी मिलने वाले मरीजों को भी परीक्षण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

## फर्जी मतदान करने वाले डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को किया गिरफ्तार

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - थाना जैथरा एसएचओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह ने 103 अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में फर्जी मतदान करने वाले डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों को किया गिरफ्तार, सभी आरोपियों को कराई थाने की हवालात की सैर,थाना जैथरा एसओ डॉ0 सुधीर कुमार सिंह की टीम ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा फर्जी मतदान करने मामले में अलग,अलग बूथों से किया गिरफ्तार,एटा के 103 अलीगंज विधानसभा के थाना जैथरा नगला धम्पी गाव का मामला, बाईट- अवनीश कुमार, फर्जी मतदान करने वाला आरोपी युवक।

## वोट डालने के बाद भाजयुमो महामंत्री को मारी गोली



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - जनपद हाथरस के सिकंदराराऊ में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा महामंत्री कृष्णा यादव को संदिग्ध परिस्थिति में गोली लगी गई। घायल अवस्था में भाजयुमो नेता घर में ऊपर कमरे में मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची गई लेकिन पुलिस के पहुचने से पहले ही स्वजन उन्हें लेकर अलीगढ़ चले गए। उन्हें जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर पुलिस घटना की वजह तलाशने के प्रयास में जुटी है।

## संगीनो के साए में जिले की चारों विधान सभा सीटों पर मतदाताओं ने अमन चैन से किया मताधिकार

### सायं 6 बजे तक मतप्रतिशत का आकंडा पहुंचा लगभग 70 प्रतिशत

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा - रविवार को विधान सभा सामान्य निर्वाचन के तीसरे चरण में एटा जनपद के चार विधान सभा क्षेत्रों में मतदाताओं ने जिला प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्थाओ के मध्य संगीनो के साऐ में अपने को पूर्ण सुरक्षित मानते हुऐ अमन चैन से अपने मताधिकार का प्रयोग किया ! एटा सदर विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार विपिन वर्मा डेविड विधायक मतदान के दौरान विधान सभा क्षेत्र में पोलिंग बूथों पर पडने वाले मतो के प्रतिशत की जानकारी अपने पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों से करते देखे गऐ तो वहीं सपा के उम्मीदवार जुगेन्द्र सिहं यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत भी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पोलिंग बूथों पर पार्टी के कार्यकर्ताओं से मत प्रतिशत की जानकारी करते हुऐ शत प्रतिशत मतदान का अनुरोध पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से करते हुऐ देखे गऐ ! बसपा उम्मीदवार अजय यादव पूर्व विधायक एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत भी अपने समर्थकों के साथ विभिन्न पोलिंग बूथों पर दौडते नजर आऐ ! एटा सदर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत शहर के भीतर चले मतदान के दौरान अधिकांशतः कमल की सुगंध सूंघने को मिली तो ग्रामीण अचंल के मतदान बूथों पर जबर्दस्त तरीके से कहीं साइकिल का फर्राटा तो कहीं कमल खिलता नजर आया, खास बात ये रही कि सकीट ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत एवं अनुसूचित जाति वर्ग में खासकर एक समुदाय की पहली पसंद बसपा का हाथी रहा ! कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार श्रीमती गुंजन मिश्रा भी शहर के विभिन्न बूथों पर दौडती पायी गयीं ! मतदान के आखिरी दौर में बहुत हद तक यह स्पष्ट हो गया कि सदर विधान सभा सीट पर भाजपा व सपा के मध्य कश्मकश रहेगी ! जिले के अतिसंवेदनशील सुदूरवर्ती विधान सभा क्षेत्र अलीगंज में जिलाधिकारी अंकित अग्रवाल की जिन्दादिली एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह की सख्ती के चलते मतदान अवधि के दौरान परिन्दा भी पर नहीं मार पाया, जबकि पूर्व में दस्यु प्रभावित रहे इस विधान सभा क्षेत्र में डाकू छविराम, पोथी, महावीरा, कलुआ, अलवर, नरेश धीमर व सागर मल्लाह के फरमान के चलते कटरी क्षेत्र में खास उम्मीदवार के पक्ष में शतप्रतिशत मतदान हो जाया करता था ! ऐसी अलीगंज विधान सभा सीट पर वर्ष 2017 से भाजपा के कद्दावर नेता ठा. सत्यपाल सिंह राठौर अपने प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी के कद्दावर पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव को पराजित कर विजय पताका फहराने में कामयाबी हासिल किऐ थे ! लेकिन इस बार 2022 के चुनाव में भाजपा ने पुनः ठा. सत्यपाल सिंह राठौर पर दांव लगाया है तो वहीं समाजवादी पार्टी ने भी अपने पुराने वफादार उम्मीदवार रामेश्वर सिंह यादव पूर्व विधायक को मैदान-ए-जंग में उतारकर भाजपा की राह मुश्किल करने की कोशिश अवश्य की है परन्तु कभी सपा के कद्दावर परिवार स्वर्गीय महफूज अली खां उर्फ प्यारे मियां सांसद के परिवार से बसपा के उम्मीदवार जुनैद मियां द्वारा अलीगंज विधान सभा क्षेत्र के चुनाव को रोचक दौर में पंहुचा कर मतदान दिवस पर शहरी क्षेत्र में मुस्लिम आबादी में की गई जबर्दस्त सेंधमारी से सपा को कितना नुकसान होगा यह मतगणना होने तक भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है ! बहराहल अलीगंज नगर में हाथी की मदमस्त चाल को यदि नजरंदाज कर दिया जाऐ तो अलीगंज विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण अचंल में साईकिल प्रभावित क्षेत्रों में साइकिल तेज रफ्तार से दौड लगायी है तथा हिन्दुत्व के नाम पर कमल के फूल ने भी जबर्दस्त सुगंध बिखेरी है ! इस विधान सभा सीट पर मतदान खत्म होने के बाद सपा एवं भाजपा में कश्मकश की स्थिति बनी हुई हैं जो मतगणना के पश्चात ही क्लीयर हो सकेगी ! विधान सभा सीट मारहरा पर अधिकांश क्षेत्रों में सपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक अमित गौरव यादव टीटू साइकिल को फर्राटे से दौडाते दिखायी पडे तो भाजपा के वर्तमान विधायक उम्मीदवार वीरेन्द्र सिहं लोधी के कमल की सुगंध मंद पडने की सूचनाएं मिली है ! मारहरा विधान सभा सीट पर सीधी सीधी सपा एवं भाजपा की टक्कर नजर आ रही है ! जलेसर सुरक्षित विधान सभा सीट पर वर्तमान में भाजपा के प्रत्याशी संजीव दिवाकर विधायक हैं, परन्तु पिछली बार भाजपा को वोट करने वाली कई जातियां इस बार सपा के उम्मीदवार पूर्व विधायक रणजीत सुमन के लिए मतदान किऐ हैं, जिससे सूत्र बताते है कि जलेसर सुरक्षित विधान सभा सीट पर अब भाजपा की राह आसान नहीं है

## फर्रुखाबाद में संपन्न हुआ चुनाव,पड़े 62% वोट

हारुन बख्श

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद- सदर विधानसभा 194 से सभी पोलिंग बूथ पर सभी बूथों पर लगभग 55 प्रतिशत मतदान पूर्ण रूप से हो चुका है जहां पर टाउन हॉल व सदर तहसील पर भी बहुत भारी मात्रा में मतदान किया गया जहां पर चारों विधानसभा में फर्रुखाबाद सदर कायमगंज विधानसभा 192 अमृतपुर विधानसभा 193 मैं सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 61 परसेंट मतदान हुआ व भोजपुर विधानसभा 195 में लोगों के बताने अनुसार अन्य किसी चुनाव चिन्ह को ना देखते हुए सिर्फ कमल का फूल व साइकिल पर ही वोटिंग हुई सुबह 7:00 बजे से लेकर 6:00 बजे तक 68 परसेंट वोटिंग हुई भाई कमालगंज विधानसभा मैं सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक 62 परसेंट वोटिंग हुई लोगों को वोट डालने की जिज्ञासा दिखाई दे रही थी जिसमें कई परिवार के लोग अपने घर के बुजुर्गो को अपने वाहन से मतदान करने आए जो लोग चलने में असमर्थ है उनको भी व्हील चेयर पर लाया गया टाउन हॉल पर मतदान कराने वालों की शिकायत थी कुछ ने बताया कि हम लोगों को प्रशासन व प्रत्याशियों की तरफ से कोई भी खाने पीने की सुविधा नहीं दी गई वहीं पर सदर तहसील में कई चुनाव कर्मचारी को 1 दिन पहले से सदर तहसील में बुलाकर जिनको रिजर्व में रखा गया था उनकी भी शिकायत अपने अधिकारियों के सामने खाने पीने को लेकर बहुत ही निराश थे और सुबह से जिन्को ड्यूटी पर लगाया गया था उन्हें भी किसी तरीके का खाने-पीने का कोई व्यवस्था मुहैया नहीं कराई गई वहीं पर कुछ मौजूद अधिकारी भी अपना पल्ला झाड़ते हुए शांत अवस्था में बैठे नजर आए तहसील सदर में बूथ संख्या 236 में पीठासीन अधिकारी ने बताया यहां पर मतदान अबकी दफा बहुत ही गंभीरता से हुआ है जैसे के होना चाहिए था वैसे नहीं हुआ लोगों ने शांतिपूर्वक मतदान किया कहीं पर कोई किसी व्यक्ति को दिक्कत नहीं हुई उन्होंने बताया जिलाधिकारी ने पहले से ही जनपद फर्रुखाबाद में लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया था इसीलिए मतदान बहुत ही अच्छा शांतिपूर्वक सम्पन्न किया गया है।

# पासल मैं ग्रामीणों ने पकड़ा चोर, वन विभाग दरोगा द्वारा चोर के साथ किया गया मार पीट



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिले के दूर अंचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर के ग्राम पंचायत पासल में प्लांटेशन नर्सरी का तार चोरी करते हुए दो युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा है। बीती रात लगभग 3=00 बजेदो युवकों ने प्लांटेशन नर्सरी का घोराही किया गया तार की चोरी कर साइकल में ले जाने का प्रयास कर रहे थे। तभी ग्रामीणों ने वहां पहुंचा और धर दबोचा। फिर सुबह ग्रामीणों ने सरपंच एवं वन परीक्षेत्र अधिकारी बिहार पुर को सूचना देते हुए मामले से अवगत कराया। तब बिहार पुर के दरोगा एवं सिपाही मौके पर उपस्थित होकर पूछताछ किया ।और दरोगा के द्वारा पूछताछ के दौरान पकड़े गए चोरों पर मारपीट करने लगा।तब ग्रामीणों ने दरोगा पर आक्रोशित होकर मारपीट करने से मना किया। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों पर उचित कार्रवाई शासन द्वारा किया जाए और नर्सरी में लगे तीन चार साल पुराना तार को चोरों ने लगभग 40 किलो चुरा कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। ग्राम पंचायत पासल सरपंच का कहना है कि दरोगा द्वारा मारपीट करने पर दरोगा एवं चोर दोनों के ऊपर कार्यवाही होना चाहिए। ग्रामीण एवं सरपंच का कहना है किमारपीट करने का अधिकार वन परीक्षेत्र का नहीं हैऔर वन परीक्षेत्र बिहार पुर की लापरवाही के कारण ही यहां चोरियां हो रही हैं। वन परीक्षेत्र बिहार पुर चुन्ठेलाल दरोगा द्वारा बताया जाता है कि मारपीट करके चोरों का सुधार ना ही सिपाही दरोगा का काम है। इसलिए लिए हम मौके पर पहुंचकर इसकी पंचनामा करते हुए चोर को मारा है। अब देखना यह है कि शासन के द्वारा चोर के साथ साथ दरोगा पर भी कार्यवाही करती है या फिर सिर्फ एक के ऊपर ही कार्रवाई कर पाती है।

# बांदा पुलिस ने किया 24 घंटे के अंदर किया चोरी की घटना का अनावरण



अविनाश चंद्र दीक्षित
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बांदा- पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के कुशल निर्देशन वा बांदा को अपराध वा अपराधी से मुक्त कराने के क्रम में चलाए जा रहे आपरेशन क्लीन के तहत कमासिन थाना क्षेत्र के रहने वाले भारत गोतम शादी समारोह में शामिल होने सतना गए थे। शादी से वापस आने पर घर का हाल देख उनके होश उड़ गए। घर से लाखो रुपए के साथ काफी मात्रा में जेवर भी चोरी हो गई। जिसकी सूचना स्थानि पुलिस वा उच्चाधिकारियों को दी गई। जिस पर पुलिस ने सी सी टीवी फुटेज के आधार पर महज 24 घंटे के अंदर चोरी की घटना का अनावरण करते हुए पूरा मॉल बरामद करने में कामयाबी हासिल की है।

# दंतेवाड़ा: पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर, 13 मामले थे दर्ज



छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के मलंगिर एरिया क्षेत्र में पुलिस, डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और नक्सली के बीच हुई मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 5 लाख रुपए का इनामी नक्सली मारा गया है। इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा भी पुलिस कर रही है। मुठभेड़ में मारे गए नक्सली अर्जुन उर्फ लखमा सोढ़ी के खिलाफ 13 मामले दर्ज थे। मारे गए नक्सली के पास से एक देशी कट्टा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। सर्चिंग पर निकले जवानों के साथ देर रात यह मुठभेड़ हुई है। नक्सल लीडरों के जमावड़े की मिली थी सूचना- दंतेवाड़ा पुलिस ने कल देर रात हुए एनकाउंटर में एक नक्सली को मार गिराया है। मारे गए नक्सली पर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित है। उसकी पहचान एरिया कमांडर अर्जुन सोरी के रूप में हुई है। बताया जाता कि पुलिस को बुरगुम के जंगलों में बड़े नक्सली लीडरों के जमावड़े की सूचना मिली थी। इसी सूचना पर दंतेवाड़ा से डीआरजी की टुकड़ियां निकली थीं। घात लगाए नक्सलियों ने शुरू की फायरिंग- बुरगुम के जंगलों में पुलिस पार्टी के पहुंचते ही घात लगाए नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कारवाई की। दोनों तरफ से करीब आधे घंटे तक फायरिंग हुई।

# नितिन नवीन के निर्देशानुसार शक्ति केन्द्रों में बैठके हुई शुरू



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर - छत्तीसगढ़ प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन के निर्देशानुसार भाजपा जिला सूरजपुर के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी के महूली शक्ति केन्द्र के पोलिंग बूथ कोल्हुआ में शक्ति केंद्र के बैठक का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय समितियों में बने सदस्यों का सत्यापन सरल पोर्टल डाटा संकलन प्रत्येक माह में शक्ति केंद्रों की बैठक पोलिंग बूथ में पन्ना प्रभारी सह प्रभारी जातिगत समीकरण के अनुरूप बनाने के संबंध में चर्चा की गई आजीवन सहयोग निधि लक्ष्य को पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात हर पोलिंग बूथों पर लागातार नियमित रूप से सुनने पर विशेष जोर दिया गया इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी शिवप्रसाद सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता मंत्री मदनलाल जायसवाल भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पुनीत पाठक किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य बैकुण्ठ जायसवाल झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ मंडल संयोजक रामनरेश साहू भाजयुमो मीडिया प्रभारी अशोक जायसवाल सह प्रभारी लालबहादुर यादव महिला मोर्चा मंडल महामंत्री राजकुमारी जायसवाल स्थानीय समिति अध्यक्ष विजेन्दर साहू शक्ति खंड संयोजक अनिल जायसवाल भीरगू प्रसाद देवांगन लालजी रामसरन जुगनी जागमति फुलकुंवर जयकुमारी धनसाय गोविंद सिंह रामजतन विक्रम विंन्धेशसाहू मदन पण्डो लालजी साहू राजकुमार जायसवाल सहित स्थानीय समितियों में गठित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# खुलेआम अवैध तरीके से कबाड़ी का धंधे ने पकड़ा जोर



√ मुझे भी पता चला कि क्षेत्र में कबाड़ी का धंधा किया जा रहा मैं तत्काल संबंधित थाना प्रभारी को जांच करने के लिए बोलता हूं अगर अवैध से पाया जाता है तो वैधानिक रूप से कठोर से कठोर कार्यवाही की जाएगी-राजेश जोशी एसडीओपी ओड़गी

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर- मामला जिला सूरजपुर के चांदनी बिहारपुर के ग्राम पंचायत नवाटोला का है जहां पर कुछ दिनों से खुलेआम अवैध तरीके से कबाड़ी का धंधा किया जा रहा है मेन रोड से लगा हुआ है कबाड़ को रोड में ही रख दिया जाता है सकरा जगह होने के कारण एक्सीडेंट का भी खतरा बना रहता है साथ में कावड़ियों द्वारा नाना प्रकार के जितने भी कबाड़ होता है सभी का लेनदेन किया जाता है वह भी प्रशासन के नाक के नीचे से पूरे गांव में घूम घूम कर थाने के सामने से मोटरसाइकिल में लोड कर कबाड़ी प्रशासन को चुनौती देते हुए खरीदी करते हैं और जब से क्षेत्र में कावड़ियों का बोलबाला स्टार्ट हुआ है लगातार चोरी का भी मामला बढ़ते गया है यहां तक की बिजली सर्विस स्टेशन भी सुरक्षित नहीं है वहां से भी चोरों द्वारा ट्रांसफार्मर को चोरी कर लिया गया था क्षेत्र के बहुत से जगह से चोरों ने ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया गया इस पश्चात भी कबाड़ वालों पर कार्यवाही नहीं किया गया यहां तक कि कुछ लोगों के घर के सामने से साइकल पुराने डीजल पंप पुराने लोहे के सामान यहां तक कि नवाटोला के प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र के गेट भी चोरी हो गया जब इस संबंध में कावड़ियों से बात किया जाता है तो कबाड़ी लोग लाइसेंस होने का दवा करते हैं लाइसेंस का सच्चाई तो प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी होगा कि कावड़ियों को किस बेस पर लाईसेंस दिया गया है आज बिहारपुर क्षेत्र में लगातार हालातें बिगड़ती जा रही है किसी भी घर से दरवाजेया सरकारी बिल्डिंग से लोहा उठाकर चोर ले जा रहे हैं और कार्यवाही ना होना प्रशासन का कबाड़ीवालों से मिलीभगत गंध नहीं आता इतना बड़ा अवैध धंधा चल रहा है जो कि ट्रकों से परिवहन होता है अब देखना यह होगा कि प्रशासन कार्यवाही करती है या फिर कोई बड़ा घटना का इंतजार कर रही है लगातार क्षेत्र में चोरी होने की वजह से ग्रामीण दहशत में है

# अनाचार के 2 मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अनाचार के 2 मामले में 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर जिले के पुलिस थाना चांदनी ने कार्यवाही की है. चांदनी थाना क्षेत्र निवासी एक नाबालिग बालिका की दर्ज रिपोर्ट आरोपी दिनेश पण्डो उर्फ जोगेन्द्र को अनाचार के मामले धारा 376 (2) (एन) भादवि व पास्को एक्ट की धारा 4, 6 के तहत मामला पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश के बैढन में घेराबंदी कर आरोपी दिनेश पण्डो उर्फ जोगेन्द्र को पकड़ा. दूसरे मामलेमें थाना चांदनी में ही ग्रामीण ने शिकायत की कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी राकेश सिंह उर्फ दाउ उर्फ राम मिलन सिंह के द्वारा शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर अनाचार किया है जिसपर अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को ग्राम गेतरा में घेराबंदी कर पकड़ा. इस कार्यवाही में एसआई बृजेश यादव, प्रधान आरक्षक मनोज वर्मा, आरक्षक रविराज पाण्डेय, संतकुमार पैंकरा, दीपक यादव, रामसागर साहू व रौशन सिंह सक्रिय रहे.